संत थॉमस स्कूल, धुर्वा राँची–4

सत्र(2020–21)

कक्षाः 3

विषयःहिन्दी

पाठ–3 चीकू और मीकू

शब्दार्थ लिखिए–

(क) अतः–इसलिए (ख) निभर्य–बिना किसी डर के (ग) स्वामी–मालिक (घ) स्वयं–खुद

सोचिए और बोलिए–

1.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए–

उत्तर१–चिड़िया ने बाजरे के खेत में घोंसला बनाया था।

उत्तर२–खेत में किसान और उसका पुत्र आए।

सोचिए और लिखिए–

2.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए–

उत्तर१–बाजरे के पौधे बहुत बड़े थे,अतः चिड़िया के बच्चों को कोई नहीं देख सकता था।यही कारण था कि चिड़िया निर्भय होकर बच्चों के लिए दाना पानी लेने चली जाती थी।

उत्तर२–किसान ने अपने पड़ोसियों के मज़दूरों से उसके बाद अपने भाइयों से **फ़**सल काटने को कहा था।

उत्तर३– चिड़िया ने बच्चों से कहा अब हमें यह खेत छोड़ देना चाहिए

क्योंकि किसान अब यह समझ गया है कि दूसरों के भरोसे रहने से काम नहीं होता। अपना काम स्वयं करना चाहिए।

3.सही उत्तर के आगे √ लगाइए–

१.दो २.दाना–पानी ३.स्वयं

4.किसने,किससे कहा–

१.किसान ने अपने पुत्र से कहा।

२.चिड़िया ने चीकू और मीकू से कहा।

३.चीकू और मीकू ने चिड़िया से कहा।

हिन्दी व्याकरण पाठ–2 वर्णमाला

1.प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

१.हिन्दी वर्णमाला में ग्यारह स्वर होते हैं।

२.संयुक्त व्यंजन है–क्ष,त्र,ज्ञ,श्र।

३.वर्णों के क्रमिक समूह को वर्णमाला कहते है।

४.जब दो व्यंजन वर्ण आपस में मिलते हैं तो उनका मेल संयुक्ताक्षर कहलाता है।जैसै–च्च –च् + च –बच्चा

2.स्वर– अ,उ,इ,ई,ओ,औ,ए,ऋ

व्यंजन–च,रा,घ,क,श,य,प,ह

3.(क) क्षत्रिय (ख) माला (ग) खरगोश (घ) बादल

5. (क)क्+अ+ल्+अ+म्+अ (ख)स्+अ+ह्+आ+य्+अ+त्+आ

(ग)म्+अ+क्+आ+न्+अ (घ) ल्+अ+ड़्+अ+क्+आ

(ड़)म्+अ+छ्+अ+ल्+इ

6.क. अक्षर ख.क्रमिक समूह ग. तैंतीस घ.स्वर

7.१(ं) शंख,अंगूर २(ँ) आँख,चाँद ३(ॅ) बॉल,टॉफ़ी

अनुच्छेद लेखन   विषय–हमारा विद्यालय

मेरे विद्यालय का नाम संत थॉमस स्कूल है। यह राँची के धुर्वा में है।मेरे विद्यालय का भवन विशाल है। भवन के चारों ओर ऊँची और पक्की दीवार है। विद्यालय के आगे एक सुंदर बगीचा है। यहाँ रंग–बिरंगे फूल खिलते हैं। इसके बीच में एक फव्वारा है। विद्यालय में खेल का एक बड़ा मैदान है। विद्यालय भवन में लगभग सौ कमरे हैं। कक्षाएँ बड़ी और हवादार हैं,उनमें बच्चों के लिए अच्छी मेज़–कुरसियाँ रखी हैं। मेरे विद्यालय में छह हज़ार बच्चे तथा दो सौ अध्यापक और अध्यापिकाएँ हैं। हमारे विद्यालय की अपनी बसें है जिनमेंविद्यार्थी,आराम से बैठ कर आते हैं। यहाँ दो पुस्तकालय हैं,जिनमें हज़ारों पुस्तकें हैं। विद्यालय भवन में सफ़ाई का विशेष ध्यान रखा जाता है।मुझे मेरा विद्यालय बहुत अच्छा लगता है।